प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।
प्रसारण तिथि : 07.11.2024

प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश में महापर्व छठ पर आज महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर की पूजा अर्चना : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में छठ महोत्सव में हुए शामिल।
2. छठ पूजा पर यात्रियों की सुविधा के लिये जारी है विशेष ट्रेनों का संचालन : गोरखपुर सहित राज्य के कई स्टेशनों से कल भी चलाई जायेंगी विशेष रेलगाड़ियां।
3. मुख्यमंत्री ने धान खरीद के 48 घंटे के अंदर किसानों को भुगतान सुनिश्चित करने का दिया निर्देश : कहा– धान खरीद प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ किया जाये संचालित।
4. केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में पराली जलाने के नियमों को किया और सख्त : अब किसानों को देना पड़ेगा दोगुना जुर्माना।

————————

लोक आस्था का महापर्व छठ आज श्रद्धा और परम्परागत ढंग से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर आज शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर मंगल कामना की। कल सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिन के इस पर्व का समापन हो जायेगा। छठ पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ के लक्ष्मण मेला पार्क में अखिल भारतीय भोजपुरी समाज द्वारा आयोजित छठ महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री योगी ने कहा कि पर्व और त्योहार का भाव समरस समाज की स्थापना के लिये प्रेरित करता है।

*पर्व और त्यौहार के पीछे का भाव है कि हम सब मिलकर के भेदभाव को समाप्त करके एक समरस समाज की स्थापना कर सके, अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति कर सके। विरासत से भटका हुआ व्यक्ति एक तृषंग होता है जिसके जीवन का कोई उद्देश्य नहीं होता और निरुद्देश्य कोई व्यक्ति जब कार्य करता है तो उसमें कभी भी उसको ना आत्मिक संतुष्टि हो सकती है और ना समाज ही उससे संतुष्ट हो पाएगा। इसलिए विरासत को विकास के साथ जोड़कर के प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के अंदर जो कार्यक्रम प्रारंभ किए, आज एक नए भारत का दर्शन हम कर रहे हैं और पर्व और त्योहारों के पीछे भी यही भाव होता है। हम सब मिलकर के इन आयोजनों में सहभागी बने। न जाति का बंधन हो, न क्षेत्र का हो, न भाषा का हो, किसी भी प्रकार के बंधन से मुक्त हो करके एक समरस समाज की स्थापना के लिए हम सब मिलकर के कार्य कर सके। इस भाव के साथ एक कार्यक्रम आयोजित होते हैं और छठ आयोजन ने भी पूरे देश के अंदर उसी भक्ति भावना के साथ लोगों के मन में एक स्थान बनाया है।*

पूर्वांचल में इस महापर्व का खास उल्लास है। गोरखपुर, महराजगंज और वाराणसी सहित आसपास के जिलों के शहरी और ग्रामीण इलाकों में जगह–जगह सरोवरों और घाटों

को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जहां व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पूजा अर्चना की। छठ पूजा का पूरा वातावरण मेले में परिवर्तित हो गया है।

*आदि देव भगवान सूर्य की आराधना का महापर्व छठ, प्रकृति की आराधना का भी त्योहार है। छठ पूजा बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश की कृषक सभ्यता का महापर्व है। परिवार की खुशहाली और समृद्धि के लिए सूर्योपासना को समर्पित यह पर्व अब केवल पूर्वोत्तर में ही नहीं बल्कि पूरे देश में मनाया जाने लगा है। कुशीनगर जिले में सरोवरों तथा नदी किनारे बने छठ घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जिले के तुर्कपट्टी स्थित प्राचीन सूर्य मन्दिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी हुई है। छठ महापर्व के कल चौथे दिन व्रती महिलाएं उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर अपना व्रत सम्पन्न करेंगी। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये हैं। कई स्वयं सेवी संगठनों ने छठ घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबन्ध किये हैं। विवेक पाण्डेय आकाशवाणी समाचार, कुशीनगर।*

————————

भारतीय रेलवे छठ पूजा के मद्देनज़र कल से 11 नवम्बर तक रोज़ाना 165 विशेष रेलगाड़ियां चलाएगा। इनमें अधिकांश रेलगाड़ियां पूर्वोत्तर रेलवे के रूट से चलेंगी, जबकि 34 गाड़ियां उत्तर मध्य रेलवे मंडल से गुजरेंगी। इस क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे उत्तर प्रदेश से कई विशेष गाड़ियों का संचालन कर रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार गोरखपुर से अहमदाबाद, बांद्रा टर्मिनस, सियालदह, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, पुणे, नारंगी, चंडीगढ़, जोधपुर के लिये चलाई जायेंगी। वहीं गाजीपुर सिटी से उधना के लिये विशेष गाड़ी का संचालन किया जायेगा और आनन्द विहार टर्मिनल से मऊ के लिये विशेष ट्रेन चलाई जायेगी। रेलवे स्टेशनों पर छठ महापर्व के बाद यात्रियों की वापसी के लिये रेलवे ने तैयारियां पूर कर ली है। गोरखपुर जंक्शन पर मुसाफिरों की सुविधा के लिये सभी प्रमुख गेटों पर अस्थाई टेंट भी लगाये गये हैं।

————————

राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में पीसीएस–जे भर्ती में आरक्षण व्यवस्था बदल दी है। नई व्यवस्था के तहत भर्तियों में अब कम्पार्टमेंटल आरक्षण का लाभ महिला अभ्यर्थियों को सभी वर्गों में बीस–बीस फीसदी कोटे के अनुसार दिया जायेगा। नियुक्ति और कार्मिक विभाग ने इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग को अवगत करा दिया है। राज्य में अनारक्षित वर्ग 40 प्रतिशत, ईडब्ल्यूएस दस, अनुसूचित जाति 21 अन्य पिछड़ा वर्ग 27 और अनुसूचित जनजाति के लिये 2 प्रतिशत आरक्षण कोटा निर्धारित है। अभी तक पीसीएस जे भर्ती में सभी वर्गों में आरक्षण कोटे को मिलाकर क्षैतिज में आरक्षण में महिलाओं को कुल 20 फीसदी आरक्षण का लाभ दिया जाता था।

————————

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

---------

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसानों से धान खरीद के 48 घंटे के अन्दर उनका भुगतान सुनिश्चित किया जाये। कल एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान राज्य में धान खरीद की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों का हित सर्वोपरि है और धान खरीद में किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि मूल्य समर्थन योजना के तहत खरीद की प्रक्रिया को पूरी तत्परता और पारदर्शिता के साथ संचालित किया जाये। श्री योगी ने कहा कि क्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने, पेयजल सहित जरूरी बुनियादी सुविधाओं और जरूरतों का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिये।

---------

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पराली जलाने पर जुर्माना दोगुना कर दिया है। सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में पराली जलाने से संबंधित नये संशोधित नियम अधिसूचित किये हैं। नये नियमों के तहत दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों को अब पांच हजार रुपये जुर्माना देना होगा जो पहले ढाई हजार रुपये था। दो से पांच एकड़ जमीन वाले किसानों को दस हजार रुपये पर्यावरण क्षतिपूर्ति देना होगा। जिन किसानों के पास पांच एकड़ से अधिक जमीन है, उन्हें तीस हजार रुपये पर्यावरण क्षतिपूर्ति देनी होगी।

---------

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से 9 नवम्बर को लखनऊ के इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में आकांक्षा हाट का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। आकांक्षा समिति के अध्यक्ष और राज्य के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की धर्म पत्नी रश्मि सिंह ने बताया कि इस आयोजन का लक्ष्य राज्य की महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये मंच प्रदान करना है।

*आकांक्षा समिति द्वारा एक बहुत अद्भुत आयोजन किया जा रहा है। आकांक्षा हार्ट का जो कि महिलाओं को समर्पित है। जिसमें आकांक्षा मंथन सत्र पैनल डिस्कॅशन जिसमें कि हम आर्थिक सशक्तिकरण के लिए और क्या करें तो इसपे एक्सपट्र्स के साथ कई बिंदु पर चर्चा होगी। कुछ नए परियोजनाओं का शुभारंभ होगा और ये सांस्कृतिक और आर्थिक रूप में महिलाओं के सशक्तिकरण के बहुत तरह के जो आयाम हैं और उसमें आकांक्षा सम्मान भी उसमें दिया जायेगा तो ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग आये और प्रोत्साहन करे।*

---------

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास–एनबीटी 9 से 17 नवंबर तक लखनऊ के गोमती रिवरफ्रंट पार्क में गोमती बुक फ़ेस्टिवल का आयोजन करने जा रहा है। इसका शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। एनबीटी के निदेशक युवराज मलिक ने बताया कि इस मेले में पाठकों को नई–नई पुस्तकें खरीदने का मौका मिलेगा। इसके अलावा चिल्ड्रन फिल्म फेस्टिवल का आयोजन भी किया जायेगा।

*इस पुस्तक महोत्सव की जो विशेष बात यह है कि केवल यह किताबों तक ही सीमित नहीं है। किताबों के चारों ओर जुड़ी हुई गतिविधियों चाहे बच्चों के लिए स्टोरी टेलिंग हो या क्रिएटिव वर्कशॉप हो या सीखने के लिए अलग अलग बाकी दूसरे माध्यमों, अलग अलग तरीकों से बच्चों के लिए बड़ों के लिए लेखकों के साथ रूबरू होने का मौका, नई नई किताबों का अनावरण और उनके साथ किताबों पर चर्चा आपको यहाँ देखने को मिलेंगे। विशेष रूप से पहली बार लखनऊ में एक चिल्ड्रन फिल्म फेस्टिवल भी आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आपको न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बाल जो फिल्म्स है वो भी देखने को मिलेंगे।*

————————